# 4.1.2 - The Institution has adequate facilities for cultural activities, sports, games (indoor, outdoor), gymnasium, yoga centre etc.


INDOOR BADMINTON COURT
INDOOR TABLE TENNIS COURT
PHYSICAL EDUCATION DEPARTMENT
WELL
COME
GPS Map Camera
Dongargarh,Chhattisgarh,India
State Bank of India Road, Khandupara, Dongargarh, 491445, Chhattisgarh, India
Lat 21.180951, Long 80.745743
09/21/2023 10:38 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GPS Map Camera
Dongargarh,Chhattisgarh,India
State Bank of India Road, Khandupara,
Dongargarh, 491445, Chhattisgarh, India
Lat 21.181100, Long 80.745512
09/21/2023 10:39 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GPS Map Camera
Dongargarh,Chhattisgarh,India
State Bank of India Road, Khandupara, Dongargarh, 491445, Chhattisgarh, India
Lat 21.181131, Long 80.745547
09/21/2023 10:39 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


महर्षि पतंजली
योगा एवं मेडिटेशन सेन्टर
शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
GPS Map Camera
Dongargarh,Chhattisgarh,India
State Bank of India Road, Khandupara, Dongargarh, 491445, Chhattisgarh, India
Lat 21.181119, Long 80.745519
09/21/2023 10:39 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


बालक छात्रावास
GPS Map Camera
Dongargarh,Chhattisgarh,India
State Bank of India Road, Khandupara, Dongargarh, 491445, Chhattisgarh, India
Lat 21.180978, Long 80.745707
09/21/2023 10:37 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GPS Map Camera
Kalyanpur, Chhattisgarh, India
5PJW+67W, Kalyanpur, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.1807°
Long 80.745315°


STAG
GPS Map Camera
Kalyanpur, Chhattisgarh, India
5PJW+67W, Kalyanpur, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.1807°
Long 80.745315°
STAG


अमृत
वाटिका
GPS Map Camera
Kalyanpur, Chhattisgarh, India
5PJW+67W, Kalyanpur, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.1807°
Long 80.745315°


GPS Map Camera
Kalyanpur, Chhattisgarh, India
5PJW+67W, Kalyanpur, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.1807°
Long 80.745315°


बैडमिंटन हॉल
BADMINTON HALL
GPS Map Camera
Kalyanpur, Chhattisgarh, India
5PJW+67W, Kalyanpur, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.1807°
Long 80.745315°


GPS Map Camera
Kalyanpur, Chhattisgarh, India
5PJW+67W, Kalyanpur, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.1807°
Long 80.745315°


शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय
स्थापना
जिला-राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)
WEL
COM
पुराना भवन
GPS Map Camera
Kalyanpur, Chhattisgarh, India
5PJW+67W, Kalyanpur, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.1807°
Long 80.745315°


स्थापना
शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)
WEL
शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
डोंगरगढ़
पुराना भवन
GPS Map Camera
Kalyanpur, Chhattisgarh, India
5PJW+67W, Kalyanpur, Chhattisgarh 491445, India
Lat 21.1807°
Long 80.745315°


डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)
Accredited by NAAC with Grade "B+" (CGPA-2.61)
महाविद्यालय परिवार
आप सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन करता है
शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
2023
डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)
GPS Map Camera
Rajnandgaon,CT,India
Dongargarh, Rajnandgaon, 491445, CT, India
Lat 21.197312, Long 80.767196
10/30/2023 02:06 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


प्रेरणा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच
शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)
Accredited by NAAC with Grade "B+" (CGPA-2.61)
महाविद्यालय परिवार
आप सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन करता है।
शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
2023
डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)
BLOCK C
BLOCK-C
GPS Map Camera
Dongargarh, CT, India
State Bank of India Road, Dongargarh, Dongargarh, 491445, CT, India
Lat 21.197288, Long 80.767094
10/30/2023 02:06 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera

नेहरू कॉलेज में जयंती मनाई गई : खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

# हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद किया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में एक सितम्बर को महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग के द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती निर्देशन में विश्व विख्यात खिलाड़ी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद सिंह की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई गई।

खेलकूद के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले एवं राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय एवं विश्व विद्यालय के नेतृत्व करने वाले खिलाड़ियों एवं क्रीड़ा अधिकारियों का महाविद्यालय परिवार की ओर सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

अंतरराष्ट्रीय व्हालीबॉल खिलाड़ी रेखा पदम, अंतरराष्ट्रीय व्हालीबॉल खिलाड़ी महेंद्र धुर्वे, 40 बटालियन आईटीबीपी के सेकेंड कमांडेड तरूण कुमार बंजारी, सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी पीके हरी, क्रीड़ा अधिकारी एचएल साहू, क्रीड़ा अधिकारी अरूण चौधरी, प्रभारी प्राचार्य अजय श्रीवास्तव, डॉ. संगीता रंगारी, टेनिस खिलाड़ी देवेन्द्र अम्बादे, फुटबाल खिलाड़ी जुनैद अली, अनिल पाल सहित अन्य का सम्मान किया गया।

खिलाड़ियों ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए। जीवन में खेलों के महत्व एवं खेलकूद में क्षेत्र में रोजगार के अवसर के संबंध में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती द्वारा इस राष्ट्रीय खेल दिवस एवं सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए आयोजक शारीरिक शिक्षण विभाग के क्रीड़ा अधिकारी डॉ.एमएल नंदेश्वर को शुभकामना देते हुए उपस्थित अतिथियों एवं खिलाड़ियो को इस सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने किया। योग साइंस विभाग के संतराम वर्मा, छात्र दीपेश डे, रमन साहू, डाकेश्वर वर्मा ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

लिए सादगी लोगों की ... करने कहा।

खेल दिवस • खेलकूद के क्षेत्र में रोजगार के अवसर के संबंध में छात्र-छात्राओं को बताया

# खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित

भास्कर न्यूज | डोंगरगढ़

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग के द्वारा प्राचार्य डॉ. ईवी रेवती निर्देशन में मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर खेलकूद के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले एवं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के नेतृत्व करने वाले खिलाड़ियों एवं क्रीड़ा अधिकारियों का महाविद्यालय परिवार की ओर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय वालीबॉल खिलाड़ी, विक्रम अवार्डी, चीफ एवं टिकट इंस्पेक्टर रेखा पटमे, अंतरराष्ट्रीय वालीबॉल खिलाड़ी महेन्द्र धुर्वे, 40 बटालियन आईटीबीपी के सेकेण्ड कमांडेंट तरुण कुमार बंजारी, सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी पीके हरि, क्रीड़ा अधिकारी एचएल साहू, क्रीड़ा अधिकारी अरुण चौधरी, प्रभारी प्राचार्य अजय श्रीवास्तव, डॉ. संगीता रंगारी सहित टेनिस खिलाड़ी देवेन्द्र अम्बादे, फुटबॉल खिलाड़ी जुनैद अली, अनिल पाल, कृष्णा अम्बादे, अमन डकहा, मयूर हथेल, समीर खान, रोहित चौधरी, बैडमिंटन खिलाड़ी अंकित साहू, मनप्रीत कौर भाटिया, जुहीता परमार, जूडो खिलाड़ी विक्रम साहू, शतरंज खिलाड़ी वी गौतम राव के साथ-साथ क्रीड़ा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य पर अनिल पाल, राजकुमार नंदेश्वर सम्मानित हुए।



डोंगरगढ़. शासकीय नेहरू कॉलेज में खेलकूद के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वालों को किया सम्मानित।

## जीवन में खेलों के महत्व को बताया

अतिथियों एवं खिलाड़ियों ने अपने-अपने जीवन का अनुभव साझा कर जीवन में खेलों के महत्व एवं खेलकूद के क्षेत्र में रोजगार के अवसर के संबंध में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। महाविद्यालय द्वारा आयोजित खिलाड़ियों के सम्मान के लिए आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की। प्राचार्य डॉ. रेवती ने राष्ट्रीय खेल दिवस एवं सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए आयोजक शारीरिक शिक्षण विभाग के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एमएल नंदेश्वर को शुभकामनाएं देते हुए अतिथियों एवं खिलाड़ियों को अपनी सहभागिता के लिए आभार ज्ञापित किया।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon • 03 Sep 2023 • 03rajn3
epaper.navabharat.news

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का हुआ सम्मान



## नेहरू महाविद्यालय में मनाई गई हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद सिंह की जयंती

नवभारत रिपोर्टर. डोंगरगढ़।

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 01 सितम्बर शुक्रवार को महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग के द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती निर्देशन में विश्वविख्यात महान खिलाड़ी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद सिंह की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर खेलकूद के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले एवं राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय एवं विश्वविालय के नेतृत्व करने वाले खिलाड़ियों एवं क्रीडा अधिकारियों का महाविद्यालय परिवार की ओर सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया.

कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय व्हालीवाल खिलाड़ी, उत्कृष्ट खिलाडी घोषणा विक्रम अवार्ड चीफ एवं टिकट इस्पेक्टर सुश्री रेखा पदमे, अंतर्राष्ट्रीय व्हालीवाल खिलाड़ी महेन्द्र धुर्वे, 40 बटालियन आईटीबीपी के सेकेण्ड कमान्डेड तरूण कुमार बंजारी, सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी पी के हरी, क्रीड़ा अधिकारी शा. दिग्वि.महा.राजनांदगांव एच.एल. साहू, क्रीड़ा अधिकारी अरूण चौधरी, प्रभारी प्राचार्य शा.मा.शा. ठेलकाडीह अजय श्रीवास्तव, सहा.प्रा.शा.महा. रामटोला डॉ. श्रीमति संगीता रंगारी, सहित टेनिस खिलाड़ी देवेन्द्र अम्बादे, फुटबाल खिलाड़ी जुनैद अली अनिल पाल, कृष्णा अम्बादे, अमन डकहा, मयूर हथेल, समीर खान, रोहीत चौधरी, बैडमिंटन खिलाड़ी आंकेत साहू, मनप्रीत कौर भाटिया, जुहीता परमार, जूडो खिलाड़ी विक्रम साहू, शतरंज खिलाड़ी व्ही गौतम राव के साथ-साथ क्रीड़ा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु अनिल पाल, राजकुमार नन्देश्वर एवं अजय राणा को महाविद्यालय की ओर से मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया गया. समस्त अतिथियों एवं खिलाड़ियों ने अपने-अपने जीवन के अनुभव साझा कर जीवन में खेलों के महत्व एवं खेलकूद में क्षेत्र में रोजगार के अवसर के संबंध में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। साथ ही महाविद्यालय द्वारा आयोजित खिलाड़ियों के सम्मान हेतु आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की. महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही.रेवती द्वारा इस राष्ट्रीय खेल दिवस एवं सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए आयोजक शारीरिक शिक्षण विभाग के क्रीड़ा अधिकारी डॉ.एम.एल. नंदेश्वर को शुभकामना देते हुए उपस्थित अतिथियों एवं खिलाड़ियों को इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया. कार्यक्रम का सफल संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने किया। कार्यक्रम में योग साइंस विभाग के संतराम वर्मा, छात्र दीपेश डे, रमन साहू, डाकेश्वर वर्मा ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
3 Sep 2023

# उत्कृष्ट खिलाड़ियों का सम्मान



डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षण विभाग ने प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती निर्देशन में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर खेल में विशेष योगदान देने वाले खिलाड़ियों एवं क्रीडा अधिकारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम में विक्रम अवार्ड चीफ रेखा पदमे, व्हालीवाल खिलाड़ी महेन्द्र धुर्वे, आईटीबीपी के सेकेंड कमाडेंट तरूण कुमार बंजारी, सेवानिवृप्त क्रीड़ा अधिकारी पीके हरी, एचएल साहू, अरूण चौधरी, अजय श्रीवास्तव, डॉ. संगीता रंगारी, टेनिस खिलाड़ी देवेन्द्र अम्बादे, फुटबाल खिलाड़ी जुनैद अली, अनिल पाल, कृष्णा अम्बादे, अमन डकहा, मयूर हथेल, समीर खान, रोहित चौधरी, बैंडमिंटन खिलाड़ी आंकेत साहू, मनप्रीत कौर भाटिया, जुहिता परमार, जूडो खिलाड़ी विक्रम साहू, शतरंज खिलाड़ी व्ही गौतम राव के साथ अनिल पाल, राजकुमार नंदेश्वर एवं अजय राणा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने किया। इस मौके पर संतराम वर्मा, दीपेश डे, रमन साहू, डाकेश्वर वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# नेहरू कॉलेज के अधिकारी-कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए ली शपथ

भास्कर न्यूज़ | डोंगरगढ़




डोंगरगढ़. पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ ली।

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में एक जून को क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण संरक्षण मंडल के निर्देशानुसार लाइफ मिशन के अंतर्गत लाइफ प्लेज लिए जाने के निर्देशानुसार महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईवी रेवती के निर्देशन में महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ ली। प्राचार्य ने सभी उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि पर्यावरण को बचाने के लिए वे अपने दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लाएंगे एवं अपने परिवार, मित्रों एवं अन्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों और व्यवहारों के महत्व के विषय में सतत् रूप से प्रेरित करते रहेंगे। ज्ञात हो कि पर्यावरण संरक्षण मंडल छत्तीसगढ़ द्वारा एक जून को पूरे प्रदेश में लगभग तीन लाख लाइफ प्लेज लिए जाने का लक्ष्य रखा गया था, जिससे समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति व्यापक जागरूकता लाई जा सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के ग्रंथपाल नितेश तिरपुडे सहित कर्मचारी जेके देवांगन, नितिन शांडिल्य, दुलेलराम कुंजाम, संदीप गजभिये, चित्रा खोब्रागढ़े, शैलेन्द्र यादव, महेश कोटांगले सहित छात्र उपस्थित थे।


शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)
Accredited by NAAC with Grade "B+" (CGPA-2.61)
महाविद्यालय परिवार
BLOCK C
स्टोर रूम
शासकीय नेहरू
स्नातकोत्तर महाविद्यालय

# योग से होती है शांति की अनुभूति : डा. ईव्ही रेवती

डोंगरगढ़( नईदुनिया न्यूज )। नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के योगा एंड मेडिटेशन विभाग के साइंस योगाचार्य संतराम वर्मा द्वारा महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं को योग के विभिन्न प्राणायामों जैसे ताड़ासन, पाद हस्थ आसन, त्रिकोणासन भद्रासन, वज्रासन शशांक आसन, मकरासन, भुजंगासन शवआसन एवं विभिन्न प्राणायाम कपालभाति, अनुलोम विलोम शीतली भ्रामरी ध्यान योग आदि की जानकारी देते हुए योगाभ्यास करया। प्रभारी प्राचार्य डा.ईव्ही रेवती ने उपस्थित समस्त अधिकारी-कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को योग के महत्व बताते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन व्यतीत करने की कला तथा विज्ञान है।



योगाभ्यास में कालेज स्टाफ ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। ● आयोजक

योग करने का मकसद आत्मज्ञान की प्राप्ति तथा सभी प्रकार की शारीरिक परेशानियों को दूर करना है। योग मनुष्य के मन और आत्मा की अनंत क्षमता को बढ़ाकर आत्मज्ञान की प्राप्ति करवाता है। योग करने से हमें अच्छी नींद आती है तथा हमारा शरीर स्वस्थ और तंदुरुस्त रहता है। योग से हमें शांति तथा आनंद प्राप्त होता है। योग से हमारा मस्तिष्क एकाग्रचित होकर काम करता है तथा हमारे मन में अच्छे विचारों का निवास होता है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ, लचीला तथा शक्तिशाली भी बनाए रखता है। दौरान डा.प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, डा.आशा चौधरी, डा.आरआर कोचे, नितेश तिरपुडे, जीके यादव, हेमूराम पदमे, गुलशन सिन्हा व अन्य मौजूद रहे।

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

23 Jun 2023

### 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मना

# बच्चों से लेकर बड़ों ने किया योग







हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगढ़

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 21 जून को महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डा. ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा कोर (एनसीसी) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। महाविद्यालय स्टाफ द्वारा प्रात:7 बजे से उपस्थित होकर योग क्रियाओं में भाग लिया गया। महाविद्यालय के योगा एण्ड मेडिटेशन विभाग के साइंस योगाचार्य संतराम वर्मा ने महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं को योग के विभिन्न प्राणायामो जैसे ताड़ासन, पाद हस्थ आसन, त्रिकोणासन भद्रासन, वज्रासन शशांक आसन, मकरासन, भुजंगासन शवआसन एवं विभिन्न प्राणायाम कपाल भारती, अनुलोम विलोम, शीतली भ्रामरी ध्यान योग आदि की जानकारी देते हुए योग करवाया।

प्रभारी प्राचार्य डा. ई.व्ही. रेवती ने उपस्थित समस्त अधिकारी-कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को योग के महत्व को बताया। अंत में योगाचार्य के रूप में अपना सहयोग देने वाले योग शिक्षक संतराम वर्मा को महाविद्यालय परिवार की ओर से मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्राध्यापक डा. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, डा. आशा चौधरी, डा.आरआर कोचे, नितेश तिरपुडे, जीके यादव, नीलम चतुर्वेदानी, सोनाली लोया, ओमप्रकाश वर्मा, हेमूराम पदमे, गुलशन सिन्हा, अविनाश सिंह, वेदप्रकाश साहू, कर्मचारीगण जेके देवांगन, संजय तिवारी, केजी सोनकर, विवेक श्रीवास, संदीप गजभिये, सरिता वैष्णव, चित्रा खोब्रागडे, सुशील सोनवानी, दुलेलराम कुंजाम, शैलेन्द्र यादव, जेआर साहू, एनएसएस के दलनायक विक्की रामटेके, राजाराम सिन्हा, रोशन वर्मा, राकेश वर्मा, मानसी वर्मा, निकिता गुप्ता, नंदनी साहू, वैशाली पायल देवांगन, शुभम वैष्णव, सुनील, झालेश्वर सहित एनसीसी के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## न्यायालयीन भवन में योग

**डोंगरगढ़।** तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा न्यायालयीन भवन डोंगरगढ़ में विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रातः 6 बजे योग शिविर का आयोजन किया गया। उक्त योग शिविर में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति व कार्यवाहक अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनीष दुबे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती यशोदा नाग, न्यायिक मजिस्ट्रेट हरेंद्र सिंह नाग तथा श्रीमती संध्या देशपांडे, दौलत महोबिया, अशोक टेंभुरकर, मिलिंद वर्मा, टीएस कुशवाहा, कमलाकर सिंह अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण व पैरालीगल वालिंटियर उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक गोपाल महोबिया एवं श्याम तिवारी ने योग दिवस का अभ्यास व योग के महत्व की जानकारी दी।

## घोघरे में लोगों ने किया योग

**छुरिया।** मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत घोघरे के पंचायत सचिव शिशुपाल पटेल के मार्गदर्शन पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घोघरे के प्रधान पाठक धानाराम मोटघरे द्वारा सामुदायिक भवन में आंगनबाड़ी के बच्चों, स्कूली बच्चों, ग्राम के नागरिकों को योगा कराया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सचिव शिशुपाल पटेल, प्रधान पाठक धानु राम मोटघरे, कमल मंडावी, श्रीमती मालती बाई, सुश्री रोहानी नेताम, वामनी ओईके, सरस्वती कलाम और ग्राम घोघरे के शिक्षामित्र दिव्यांग युवा टेकराम सलामे उपस्थित थे।

## नियमित योग से नई आत्म चेतना होती है जागृत : वैष्णव



**छुरिया।** जनपद पंचायत छुरिया क्षेत्र के ग्राम बिहारीटोला में योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा के जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव शामिल हुए व ग्रामवासियों व कार्यकर्ताओं के साथ योग किया। इस दौरान श्री वैष्णव ने कहा कि योग इसे एक दिन नहीं प्रत्येक दिन अपने दिनचर्या में शामिल करने का प्रण लें। योग तन व मन के बीच सामंजस्य स्थापित करने का ऐसा शाश्वत साधन है जिसके नियमित अभ्यास से मनुष्य में एक नई आत्म चेतना जागृत होती है। इस अवसर पर भाजपा मंडल छुरिया अध्यक्ष अजय पटेल, चैन सिंह पटेल, कुंदन बाडोले, खिलेन्द्र साहू, शंकुतलाबाई गंधर्व, कुमदास साहू, बालाराम साहू, हुकुम साहू, देवसिंग.पटेल, हृदयराम चंद्रवंशी, लोकेश सिन्हा, राम साहू, देवेंद्र चंद्रवंशी, रमेश धनकर, पूसाऊराम उइके, रवि वैष्णव, मोहित वैष्णव, जगदेव चंद्रवंशी, वेद राम चंद्रवंशी समेत बड़ी संख्या में युवा वर्ग एवं ग्रामवासी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हरिभूमि

रायपुर - संस्कारधानी भूमि

23 Jun 2023

## 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मना

# बच्चों से लेकर बड़ों ने किया योग







हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगढ़

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 21 जून को महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डा. ई.वी. रेवती के दिशा-निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा कोर (एनसीसी) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। महाविद्यालय स्टाफ द्वारा प्रातः7 बजे से उपस्थित होकर योग क्रियाओं में भाग लिया गया। महाविद्यालय के योगा एण्ड मेडिटेशन विभाग के साइंस योगाचार्य संतराम वर्मा ने महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं को योग के विभिन्न प्राणायामो जैसे ताड़ासन, पाद हस्थ आसन, त्रिकोणासन भद्रासन, वज्रासन शशांक आसन, मकरासन, भुजंगासन शवआसन एवं विभिन्न प्राणायाम कपाल भारती, अनुलोम विलोम, शीतली भ्रामरी ध्यान योग आदि की जानकारी देते हुए योग करवाया।

प्रभारी प्राचार्य डा. ई.वी. रेवती ने उपस्थित समस्त अधिकारी-कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को योग के महत्व को बताया। अंत में योगाचार्य के रूप में अपना सहयोग देने वाले योग शिक्षक संतराम वर्मा को महाविद्यालय परिवार की ओर से मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्राध्यापक डा. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, डा. आशा चौधरी, डा.आरआर कोचे, नितेश तिरपुडे, जीके यादव, नीलम चतुर्वेदानी, सोनाली लोया, ओमप्रकाश वर्मा, हेमूराम पदमे, गुलशन सिन्हा, अविनाश सिंह, वेदप्रकाश साहू, कर्मचारीगण जेके देवांगन, संजय तिवारी, केजी सोनकर, विवेक श्रीवास, संदीप गजभिये, सरिता वैष्णव, चित्रा खोब्रागडे, सुशील सोनवानी, दुलेलराम कुंजाम, शैलेन्द्र यादव, जेआर साहू, एनएसएस के दलनायक विक्की रामटेके, राजाराम सिन्हा, रोशन वर्मा, राकेश वर्मा, मानसी वर्मा, निकिता गुप्ता, नंदनी साहू, वैशाली पायल देवांगन, शुभम वैष्णव, सुनील, झालेश्वर सहित एनसीसी के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### न्यायालयीन भवन में योग

**डोंगरगढ़।** तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा न्यायालयीन भवन डोंगरगढ़ में विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रातः 6 बजे योग शिविर का आयोजन किया गया। उक्त योग शिविर में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति व कार्यवाहक अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनीष दुबे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती यशोदा नाग, न्यायिक मजिस्ट्रेट हरेंद्र सिंह नाग तथा श्रीमती संध्या देशपांडे, दौलत महोबिया, अशोक टेंभुरकर, मिलिंद वर्मा, टीएस कुशवाहा, कमलाकर सिंह अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण व पैरलीगल वालिंटियर उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक गोपाल महोबिया एवं श्याम तिवारी ने योग दिवस का अभ्यास व योग के महत्व की जानकारी दी।

### घोघरे में लोगों ने किया योग

छुरिया। मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत घोघरे के पंचायत सचिव शिशुपाल पटेल के मार्गदर्शन पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घोघरे के प्रधान पाठक धानाराम मोटघरे द्वारा सामुदायिक भवन में आंगनबाड़ी के बच्चों, स्कूली बच्चों, ग्राम के नागरिकों को योगा कराया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सचिव शिशुपाल पटेल, प्रधान पाठक धानु राम मोटघरे, कवल मंडावी, श्रीमती मालती बाई, सुश्री रोहानी नेताम, वामनी ओईके, सरस्वती कतलाम और ग्राम घोघरे के शिक्षामित्र दिव्यांग युवा टेकराम सलामे उपस्थित थे।

### नियमित योग से नई आत्म चेतना होती है जागृत : वैष्णव

छुरिया। जनपद पंचायत छुरिया क्षेत्र के ग्राम बिहारूटोला में योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का



आयोजन किया गया। भाजपा के जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव शामिल हुए व ग्रामवासियों व कार्यकर्ताओं के साथ योग किया। इस दौरान श्री वैष्णव ने कहा कि योग इसे एक दिन नहीं प्रत्येक दिन अपने दिनचर्या में शामिल करने का प्रण लें। योग तन व मन के बीच सामंजस्य स्थापित करने का ऐसा शाश्वत साधन है जिसके नियमित अभ्यास से मनुष्य में एक नई आत्म चेतना जागृत होती है। इस अवसर पर भाजपा मंडल छुरिया अध्यक्ष अजय पटेल, चैन सिंह पटेल, कुंदन बाडोले, खिलेन्द्र साहू, शकुनबाई गंधर्व, कुमदास साहू, बालाराम साहू, हुकुम साहू, देवसिंग पटेल, हृदयराम चंद्रवंशी, लोकेश सिन्हा, राम साहू, देवेंद्र चंद्रवंशी, रमेश धनकर, पूसाऊराम उइके, रवि वैष्णव, मोहित वैष्णव, जगदेव चंद्रवंशी, वेद राम चंद्रवंशी समेत बड़ी संख्या में युवा वर्ग एवं ग्रामवासी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# योग मनुष्य के मन की क्षमता को बढ़ाकर आत्मज्ञान की प्राप्ति कराता है: डॉ. रेवती

भास्कर न्यूज | डोंगरगढ़

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी एवं एनएसएस विभाग ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। योगाचार्य संतराम वर्मा ने अधिकारी-कर्मचारियों एवं एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं को ताड़ासन, पाद हस्थ आसन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, शशांक आसन, मकरासन, भुजंगासन, शवआसन एवं विभिन्न प्राणायाम कपाल भारती, अनुलोम-विलोम, शीतली, भ्रामरी, ध्यान योग करवाया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही. रेवती ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन व्यतीत करने की कला व विज्ञान है। योग करने का मकसद आत्मज्ञान की प्राप्ति व सभी प्रकार की शारीरिक परेशानी को दूर करना है।



डोंगरगढ़. कॉलेज परिसर में योगाभ्यास करते हुए प्राध्यापक व स्टूडेंट्स।

योग मनुष्य के मन और आत्मा की अनंत क्षमता को बढ़ाकर आत्मज्ञान की प्राप्ति कराता है। योग से हमारा मस्तिष्क एकाग्रचित होकर काम करता है। हमारे मन में अच्छे विचारों का निवास होता है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ, लचीला व शक्तिशाली भी बनाए रखता है। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नंदेश्वर ने आभार व्यक्त किया। योग शिक्षक संतराम वर्मा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, डॉ. आशा चौधरी, डॉ.आरआर. कोचे, नितेश तिरपुडे, जीके. यादव, नीलम चतुर्वेदानी, सोनाली लोया, ओमप्रकाश वर्मा, हेमूराम पदमे, गुलशन सिन्हा, अविनाश सिंह, बेदप्रकाश साहू, जेके देवांगन, संजय तिवारी, केजी सोनकर, विवेक श्रीवास, संदीप गजभिये उपस्थित थे।




राष्ट्रीय कैडेट कोर







# नेहरू कालेज में रासेयो ने चलाया 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान




डोंगरगढ़, 25 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मेरी माटी-मेरा देश अभियान के अंतर्गत 14 जुलाई को शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ की रा.से.यो. इकाईयों द्वारा ग्राम पंचायत करवारी में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया गया। सर्वप्रथम स्कूल भवन शिक्षकों एंव छात्र-छात्राओं को मेरी माटी-मेरा देश अभियान के संबंध में सहायक प्राध्यापक व रा.से.यो. की कार्यक्रम अधिकरी नीलम चतुर्वेदानी व एच.आर.पदमें द्वारा विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती एवं करवारी स्कूल के प्रधान पाठक अन्य शिक्षक द्वारा फलदार, छायादार, औषधियुक्त पौधे जिसमें अमरूद, कटहल, नीम, आंवला, करंज आदि उपयोगी वृक्षों का रोपण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, करवारी परिसर में किया गया। डॉ. रेवती ने बताया कि इसका उद्देश्य ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण आज के परिपेक्ष्य में बहुत महत्वपूर्ण व पुण्य कार्य है और उन पौधो का संरक्षण भी अति आवश्यक है। उक्त कार्यक्रम का आयोजन रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी नीलम चतुर्वेदानी हेमुराम पद्मे द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों सहित, ग्राम पंचायत करवारी के शासकीय स्कूल के प्रधान पाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, एनएसएस के छात्र-छात्रएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।


ग्राम पंचायत करवारी
मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम
GPS Map Camera

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
27 July 2023

# भाषण स्पर्धा में लक्ष्मी प्रथम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय के इतिहास विभाग ने प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन में बाल गंगाधर तिलक की जयंती मनायया। इतिहास विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ आशा चैधरी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. चौधरी ने बताया कि बाल गंगाधर तिलक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने अपने जीवन का 40 वर्ष स्वतंत्रता आंदोलन को दिया। उन्होंने 1893-94 से गणेश उत्सव तथा शिवाजी जयंती मनाने की शुरुआत किया था। छात्र छात्राओं ने अपने विचार रखे। अंत में एवलाल मेश्राम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। भाषण प्रतियोगिता में लक्ष्मी सोनेटेके प्रथम, आरती वर्मा द्वितीय एवं खिलेश देवांगन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




कीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गढ़, जिला राजनांदगांव ( छ.ग.)
विश्व आदिवासी
दिवस


नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 19 Aug 2023 - 19rajn3
epaper.navabharat.news

# नेहरू महाविद्यालय में मना विश्व आदिवासी दिवस




**नवभारत रिपोर्टर. डोंगरगढ़।**

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.व्ही.रेवती के निर्देशन एवं इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी के मार्गदर्शन में 10 अगस्त को इतिहास विभाग द्वारा विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती, डॉ प्रदीप जामभुलकर, डॉ आर.आर.कोचे का बुके से स्वागत किया गया.

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ई व्ही रेवती ने आदिवासियों के जीवन वेशभूषा, संस्कृति पर अपने विचार रखते हुए, छात्र-छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर, अनुशासित रूप से शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया, जिससे कि उनका भविष्य सुरक्षित हो. इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ आशा चौधरी ने विश्व आदिवासी दिवस पर मध्यप्रदेश के पातालकोट का उदाहरण देते हुए अपने विचार रखें. डॉ प्रदीप जाम्बुलकर ने विश्व आदिवासी दिवस, कैसे मनाना प्रारंभ किया गया, इसके इतिहास से अवगत कराया. कार्यक्रम में डॉ नीता ठाकुर, डॉ नौशिन अंजुम ने अपने विचार व्यक्त किये.

छात्र-छात्राओं मे से शिवम योगी, कु. लक्ष्मी सोनेटेके, डूमेश्वर सिन्हा ने अपने विचार रखें. आदिवासी वेशभूषा, सभ्यता, संस्कृति, नित्य -गीत को प्रदर्शित करने के लिए इतिहास विभाग से कु दामिनी धुरव, ऐश्वर्या एवं साथियों ने, हिंदी विभाग से कु नेहा पटेल एवं साथियों ने तथा भूगोल विभाग से कु दिव्या नाम देव ,नंदनी यादव एवं साथियों ने आदिवासी गीतों पर नित्य प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के अतिथि व्याख्याता एवलाल मेश्राम ने किया.

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 20 Aug 2023 - 20rajn2
epaper.navabharat.news

# भौतिक शास्त्र विभाग में मनाई गई वैज्ञानिक साराभाई जयंती



**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 12 अगस्त शनिवार को प्रभारी प्राचार्य डॉ.ई.व्ही रेवती के मार्गदर्शन में भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा वैज्ञानिक विक्रम साराभाई की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि व्याख्याता रोशन कुमार तथा वासुदेव साहू द्वारा विक्रम साराभाई के छायाचित्र के समक्ष माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया. इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता रोशन कुमार द्वारा विक्रम साराभाई के जीवन पर परिचय डाला गया तथा उनके स्पेस के क्षेत्र में उपलब्धियों को बताया कि स्पेस के क्षेत्र में आज भारत बाकी देशों से कितना आगे बढ़ चुका है. तत्पश्चात विक्रम साराभाई के जीवन पर भौतिक शास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने-अपने विचार रखे गए.

हरिभूमि
रायपुर - संस्कारधानी भूमि
20 Aug 2023

# छात्रों ने मनाया साराभाई की जयंती

डोंगरगढ़। नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को प्रभारी प्राचार्य डॉ.ईव्ही रेवती के मार्गदर्शन में भौतिक शास्त्र विभाग ने वैज्ञानिक विक्रम साराभाई की जयंती मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि व्याख्याता रोशन कुमार तथा वासुदेव साहू ने साराभाई के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर रोशन कुमार ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। विक्रम साराभाई की उपलब्धियों पर भौतिक शास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखे।




GPS Map Camera



नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 21 Aug 2023 - 21rajn2 Main Esu_NB
epaper.navabharat.news

# नेहरू महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस



**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के दिशा निर्देशन में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया. प्रभारी प्राचार्य डॉ रेवती द्वारा महाविद्यालय के दोनों भवनों में ध्वजारोहण किया. पुराने महाविद्यालय में एनसीसी व एनएसएस के केडेट्स द्वारा परेड निकालकर तिरंगे झंडे को सलामी दी गई. शहीदों के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया एवं मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत शपथ ली गई. एमए इतिहास के छात्र डाकेश्वर वर्मा, एमए भूगोल के छात्र डुमेश्वर एवं भूतपूर्व एनसीसी के छात्र रोहित वलदे द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये गए. डिकेश्वरी कंवर, मानसी, वैशाली द्वारा देशभक्ति गीत नृत्य प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आरआर कोचे द्वारा किया गया. इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, क्रीड़ा अधिकारी, ग्रंथपाल, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.


नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
GPS Map Camera

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 01 Sep 2023 - 01rajn2
epaper.navabharat.news

# तुलसी जयंती पर विचार गोष्ठी



**नवभारत रिपोर्टर। डोंगरगढ़।**

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के दिशा निर्देशन में हिन्दी विभाग द्वारा तुलसी जयन्ती के अवसर विचार गोष्ठी आयोजित किया गया. इसमें मुख्य वक्ता के रूप में इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि तुलसी हिन्दी सहित्य के महान कवि थे.

उन्होंने अपनी रचना रामचरितमानस में राम के आदर्श स्वरूप का वर्णन किया है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन से हमें प्रेरणा ग्रहण करना चाहिये। विभाग प्रमुख डॉ. नीता राजपुत द्वारा कहा गया कि इस वर्ष तुलसी की 526 वीं जयन्ती मनाई जा रही है. तुलसीदास युगप्रवर्तक रचनाकार हैं तथा उनकी कृति रामचरितमानस हमें सहयोग, एकता ,बड़ों के प्रति आदर,प्रेम का संदेश देती है. नीलम सिन्हा द्वारा तुलसी का अपनी पत्नी रत्नावली से रामभक्ति की प्रेरणा पाकर राम के प्रति भक्ति पर प्रकाश डाला गया. इसी तरह स्नातकोत्तर हिन्दी के विद्यार्थियों दीपिका द्वारा रामचरितमानस के कांड, भागवत द्वारा दोहे, विजय कुमार द्वारा अलंकार, भोजराम द्वारा बाल्यावस्था, महेंद्र द्वारा काव्यसौन्दर्य नेहा द्वारा दोहे, मेघा द्वारा दोहे,शकुन्तला द्वारा चित्रकूट पर प्रथम रामदर्शन,त्रिवेणी द्वारा तुलसी की लोकप्रियता, रोशनी द्वारा रामबोला नाम, रमन द्वारा तुलसी की भाषा,दीपेश डे द्वारा तुलसीदास का जीवन परिचय प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीता राजपुत एवं आभार प्रदर्शन नीलम सिन्हा द्वारा किया गया.

पत्रिका

# रसायनशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों को कराया शैक्षणिक भ्रमण, मिली जानकारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा एमएससी-प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को सत्र 2023-24 में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देश पर 6 सितम्बर को शैक्षणिक भ्रमण के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के रसायन शास्त्र विभाग का भ्रमण कराया गया। छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के प्रसिद्ध प्राध्यापक डॉ. कल्लोल के घोष, डॉ. मनमोहन सतनामी, डॉ. इंद्रपाल करभाल, डॉ. कमलेश श्रीवास एवं डॉ.परवेज से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जहां रसायन शास्त्र विभाग में सर्वप्रथम सभी छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताया गया। विभाग में उपलब्ध उपकरण यूवी विसिबल स्पेक्ट्राफोटोमिटर, फ्लोरेसेंस स्पेक्ट्राफोटोमिटर, एचपी-टीएलसी, एनएमआर आदि को प्रयोग करके दिखाया गया। विभाग के रिसर्च स्कॉलर का काफी सहयोग मिला। उनके शोध कार्य के बारे में जानने को मिला। छात्र-छात्राएं इस शैक्षणिक भ्रमण से काफी लाभान्वित हुए। उनका रुझान रसायन विज्ञान की ओर और अत्यधिक बढ़ा है। 17 छात्र-छात्राएं और विभागाध्यक्ष सोनाली लोया तथा सहायक प्राध्यापक ओमप्रकाश वर्मा उपस्थित रहे।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 12 Sep 2023 - 12rajn3
epaper.navabharat.news

# रसायन विभाग के छात्र-छात्राओं को कराया शैक्षणिक भ्रमण




**डोंगरगढ़.** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा एमएससी-प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को सत्र 2023-24 में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशानुसार 6 सितम्बर बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण हेतु पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के रसायन शास्त्र विभाग का भ्रमण कराया गया. भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के प्रसिद्ध प्राध्यापक डॉ. कल्लोल के घोष, डॉ. मनमोहन सतनामी, डॉ. इंद्रपाल करभाल, डॉ.कमलेश श्रीवास एवं डॉ.परवेज से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जहां रसायन शास्त्र विभाग में सर्वप्रथम सभी छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया एवं विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताया गया. छात्र-छात्राओं को विभाग में उपलब्ध उपकरण जैसे यूवी विसिबल स्पेक्ट्राफोटोमिटर, फ्लोरेसेंस स्पेक्ट्राफोटोमिटर, एचपी-टीएलसी, एन.एम.आर. आदि को प्रयोग करके दिखाया गया. विभाग के रिसर्च स्कॉलर का काफी सहयोग मिला एवं उनके शोध कार्य के बारे में जानने को मिला. छात्र-छात्राएं इस शैक्षणिक भ्रमण से काफी लाभान्वित हुए और उनका रुझान रसायन विज्ञान की ओर और अत्यधिक बढ़ा है. भ्रमण में नेहरू महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग से कुल 17 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.


NATIONAL CENTER FOR NATURAL RESOURCES (NCNR)


Pt. Ravishankar Shukla University
VISIT OF GOVT. NEHRU COLLEGE DONGARGARH
Happy Teachers'
GPS Map Camera
Raipur, Chhattisgarh, India
6HXW+G66, Amanaka, Raipur, Chhattisgarh 492010, India
Lat 21.248462°
Long 81.595429°
06/09/23 12:58 PM GMT +05:30
Google

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 19 Sep 2023 - rajn3
epaper.navabharat.news

# भौतिकशास्त्र विभाग में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती



डोंगरगढ़. शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के भौतिकशास्त्र विभाग द्वारा प्र.प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन एवं भौतिक शास्त्र विभाग के अतिथि प्राध्यापक रोशन कुमार साहू एवं वासुदेव साहू के मार्गदर्शन में 16 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती मनाई गई. रोशन कुमार ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा को ब्रह्मांड में देवताओं का इंजीनियर कहा जाता है. प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने अपने शब्दों में भविष्य में महाविद्यालय की गुणवत्ता एवं इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारने के लिए एवं सभी निर्माण कार्यों के लिए भगवान विश्वकर्मा से प्रार्थना की. कार्यक्रम में भौतिक विभाग के प्रयो.तकनीशियन संजय तिवारी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.


SHRI
VISHV
KARMA
AYANTI


राष्ट्रीय सेवा योजना
REDMI NOTE 8 PRO

रायपुर - संस्कारधानी भूमि
5 Oct 2023

# स्वच्छता ही सेवा के लिए किया श्रमदान

डोंगरगढ़। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत विधायक भुनेश्वर बघेल ने



नेहरू महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं के साथ मुक्तिधाम, मां बम्लेश्वरी मंदिर की सीढी की साफ-सफाई किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईबी रेवती, कार्यक्रम अधिकारी एचआर पद्मे, नीलम चतुर्वेदानी, विक्की रामटेके, अविनाश टेम्भुरकर, राजाराम, रोशन वर्मा, राकेश वर्मा, यशस्वी, मानसी, वैशाली, पायल, निकिता, मयूरी, वीरेंद्र, आयुष सहित अन्य उपस्थित थे।


"उठो जागो और लक्ष्य तक मत रूको"
स्वामी विवेकानंद


डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
Accredited by NAAC with Grade "B+" (CGPA-2.61
महाविद्यालय परिवार
आप सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनन्दन करता
2023
डोंगरगढ़,
जिला- राजनांदगांव
(छ.ग.)


NSS
VOTE
BETTER

# रैली निकालकर दिया कौमी एकता का संदेश




डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.वी. रेवती के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एच.आर. पदमे एवं श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी की नेतृत्व में राष्ट्रीय कौमी एकता साप्ताह के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई।

जिसमें स्वयंसेवकों के द्वारा अलग-अलग राज्यों के पारंपरिक वेशभूषाओं को धारण कर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई-हम सब आपस में भाई-भाई के नारे लगाकर कौमी एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण आशा चौधरी, डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, एवलाल मेश्राम, पदमा खूंटे, अनिमा मिज, डॉ. येशुक्रिती हजारे, मनीषा भेड़िया, मीनाक्षी साहू, अंजलि देवांगन सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के दलनायक विक्की रामटेके, उपदलनायक राजाराम सिन्हा, रोशन वर्मा, वैशाली, पायल, मानसी, यशस्वी, प्रज्जवल, गेडाम, रोशन, दीपशिखा, निकिता गुप्ता, मयूरी सिंह सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 28 Nov 2023 - rajn2
epaper.navabharat.news


# डोंगरगढ़ में रैली निकालकर दिया कौमी एकता का संदेश




नवभारत रिपोर्टर। डोंगरगढ़ ।

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ, ईवी रेवती के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एचआर पदमे एवं श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी की नेतृत्व में राष्ट्रीय कौमी एकता साप्ताह के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें स्वयंसेवकों के द्वारा अलग-अलग राज्यों के पारंपरिक वेशभूषाओं को धारण कर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई-हम सब आपस में भाई-भाई के नारे लगाकर कौमी एकता का संदेश दिया गया.

कार्यक्रम में प्राध्यापकगण आशा चौधरी, डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, एवलाल मेश्राम, पदमा खूंटे, अनिमा मिज, डॉ. येशुक्रिती हजारे, मनीषा भेड़िया, मीनाक्षी साहू, अंजलि देवांगन सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के दलनायक विक्की रामटेके, उपदलनायक राजाराम सिन्हा, रोशन वर्मा, वैशाली, पायल, मानसी यशस्वी, प्रज्जवल गेडाम, रोशन, दीपशिखा, निकिता गुप्ता, मयूरी सिंह सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.


सेवा योजना

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Rajnandgaon - 30 Nov 2023 - 30rajn3
epaper.navabharat.news

# संविधान दिवस पर महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने ली शपथ




नवभारत रिपोर्टर. डोंगरगढ़।

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के प्रभारी प्राचार्य डॉ ई व्ही रेवती के दिशा निर्देशन में एनएसएस के अधिकारी एच. आर पदमे, श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी के नेतृत्व में आगामी दिनों में 7 दिवसीय कैंप हेतु आयोजित स्थान में 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर एनएसएस के वैलेंटियर द्वारा रैली निकाल कर संविधान की प्रस्तावना की ली गई. साथ ही भाषण, क्विज आदि कार्यक्रम आयोजित किया गये.

कार्यक्रम में एनएसएस के वैशाली लाउत्रे, विक्की रामटेके, राजाराम सिन्हा मयूरी सिंह, वीरेंद्र, दीपशिखा, लीना देवांगन, माधुरी पटेल, रोशन वर्मा व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

# महाविद्यालय में मनाई गई पं. जवाहर लाल नेहरू की पूण्यतिथि




डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में 27 मई सोमवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की पूण्यतिथि मनाई गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती सहित महाविद्यालय के प्रध्यापकगणों एवं कर्मचारियों ने पं. नेहरू के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने कहा कि पं. नेहरू जी के योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। स्वतंत्रता आंदोलन के बाद आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे भारत को मजबूत आर्थिक विकास हुआ। स्वाधीनता आंदोलन में उनकी सक्रीय भूमिका एवं देश के प्रति समर्पण सदैव याद रहेगा। कार्यक्रम में ग्रंथपाल नितेश तिरपुड़े, सहा. प्राध्या. अविनाश सिंह सहित कर्मचारीगण चित्रा खोब्रागढ़े, शैलेन्द्र यादव, सुशील सोनवानी, संदीप गजभिये, प्रिति सहारे आदि उपस्थित रहे।




**डॉ. श्रीमती ई.व्ही.रेवती**
**प्र.प्राचार्य**
शास. नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/